राष्ट्रीय आवास बैंक

प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली – 110003

नियमित/संविदात्मक आधार पर विभिन्न स्केलों में विशेषज्ञ अधिकारियों की भर्ती- 2020

संदर्भ:- विज्ञापन सं. – रा.आ.बैंक/मा.सं. एवं प्रशासन/भर्ती2020-21/01 दिनांकित 05.08.2020

उप महाप्रबंधक (संविदा पर सीआरओ), सहायक महाप्रबंधक (अर्थव्यवस्था और कार्यनीति), सहायक महाप्रबंधक (सूचना प्रबंधन प्रणाली), सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) और क्षेत्रीय प्रबंधक (जोखिम) के पदों के लिए साक्षात्कार हेतु अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों का परिणाम

भर्ती विज्ञापन में निर्धारित पात्रता मानदंड और ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी के अनुसार आवेदनों की स्क्रीनिंग के आधार पर, निम्नलिखित अभ्यर्थियों (पद-वार) को साक्षात्कार के लिए अनंतिम रूप से चुना गया है:

क्र. सं.	**पद का नाम**	**साक्षात्कार के लिए चुने गए अभ्यर्थियों की संख्या**
1.	उप महाप्रबंधक (संविदा पर सीआरओ)	07
2.	सहायक महाप्रबंधक (अर्थव्यवस्था और कार्यनीति)	13
3.	सहायक महाप्रबंधक (सूचना प्रबंधन प्रणाली)	16
4.	सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन)	40
5.	क्षेत्रीय प्रबंधक (जोखिम)	02

कृपया साक्षात्कार चरण (वर्चुअल प्रणाली साक्षात्कार) हेतु चयनित अभ्यर्थियों के पंजीकृत और पद-वार विवरण देखने के लिए नीचे दिए गए लिंक पर जाएं।

साक्षात्कार के लिए चुने गए अभ्यर्थियों की पंजीकृत सूची

टिप्पणी: प्रत्येक पद हेतु अभ्यर्थियों की अंतिम कट-ऑफ को चयन प्रक्रिया पूरी होने और भर्ती के अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद बैंक की वेबसाइट पर डाल दिया जाएगा। इस संबंध में आरटीआई प्रश्नों पर चयन प्रक्रिया के पूरा होने और भर्ती के अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद ही विचार किया जाएगा।

चयनित अभ्यर्थियों के लिए निर्देश:

1. सभी चयनित अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे उन्हें आबंटित किये गए स्थानों और इसमें परिभाषित नियमों और शर्तों के लिए वेबसाइट पर प्रकाशित साक्षात्कार अनुसूची का संदर्भ लें।
2. साक्षात्कार बुलावा पत्र में उल्लिखित निर्धारित तिथि को बैंक के नजदीकी कार्यालय अर्थात रा.आ.बैंक क्षेत्रीय कार्यालय/क्षेत्रीय प्रतिनिणि कार्यालय/मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। कोविड-19 महामारी के बीच अभ्यर्थियों के द्वारा यात्रा को कम करने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में दिये गये ऑनलाइन परीक्षा केंद्र जहां वे उपस्थिति हुए थे, साक्षात्कार स्थल के तौर पर नजदीकी रा.आ.बैंक कार्यालय आबंटित की जाएगी।
3. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सत्यापन प्रयोजन के लिए साक्षात्कार स्थल पर मूल और सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की फोटोकॉपी का एक सेट अपनी अभ्यर्थिता के समर्थन में लाएं।
4. अभ्यर्थियों को स्थानीय वाहन लागत की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।
5. कोविड -19 महामारी के चलते और अभ्यर्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, साक्षात्कार में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों द्वारा निम्नलिखित पहले से सुनिश्चित किया जाना चाहिए:
   - क. साक्षात्कार सामाजिक दूरी और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अभ्यर्थियों को आबंटित स्थान से वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा।
   - ख. अभ्यर्थियों को अपनी आरटी-पीसीआर कोविड -19 परीक्षण रिपोर्ट (साक्षात्कार तिथि से 48 घंटे से अधिक पुरानी नहीं) देनी होगी, ऐसा न करने पर उन्हें साक्षात्कार स्थल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
   - ग. अभ्यर्थियों को प्रवेश स्थल पर "आरोग्य सेतु ऐप" की जोखिम स्थिति दिखानी होगी।
   - घ. बैंक द्वारा अभ्यर्थियों का तापमान भी चेक किया जाएगा।
   - ङ. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे साक्षात्कार स्थल पर मूल्यवान वस्तु, दोस्त, रिश्तेदार, माता-पिता आदि को लाने से बचें।
   - च. अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे साक्षात्कार में भाग लेने के दौरान भारत सरकार और संबंधित राज्य सरकारों द्वारा जारी सभी कोविड -19 संबंधित सलाह का पालन कर रहे हैं।
6. बैंक उनके द्वारा आबंटित स्थल पर अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक विवरण संकलित करेगा। बायोमेट्रिक डेटा को आसानी से संकलित करने के लिए, अभ्यर्थियों को निम्नानुसार सलाह दी जाती है:
   - i. यदि उंगलियां कोटेड (मुद्रांकित स्याही / मेहंदी / रंगीन आदि), हैं तो उन्हें अच्छी तरह से धोयें ताकि परीक्षा/साक्षात्कार/नियुक्ति दिवस से पहले कोटिंग पूरी तरह से हट जाए।
   - ii. यदि उंगलियां गंदी या मैली हैं, तो उन्हें धोयें और फिंगर प्रिंट (बायोमेट्रिक) कैप्चर करने से पहले उन्हें सुखा लें।
   - iii. सुनिश्चित करें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हैं। यदि उंगलियां नम हैं, तो उन्हें सुखाने के लिए प्रत्येक उंगली को पोंछें।
   - iv. यदि अंगुली (दाएं हाथ का अंगूठा) जख्मी / क्षतिग्रस्त है, तो तुरंत परीक्षण केंद्र में संबंधित प्राधिकरण को सूचित करें।
7. साक्षात्कार चरण के लिए अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र जारी करने का अर्थ यह नहीं होगा कि उसकी

अभ्यर्थिता को अंततः बैंक द्वारा मंजूरी दे दी गई है। बैंक साक्षात्कार के समय मूल दस्तावेजों के संदर्भ में पात्रता मानदंड का सत्यापन करेगा। यदि उस स्तर पर, यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पद (आयु, शैक्षणिक, व्यावसायिक योग्यता, योग्यता पश्चात अनुभव आदि) के लिए पात्रता मानदंड को पूरा नहीं कर रहा है, तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी और उसे साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे अभ्यर्थी किसी भी वाहन खर्च की प्रतिपूर्ति के हकदार नहीं होंगे।

दिनांक: 11.12.2020
स्थान: नई दिल्ली

महाप्रबंधक
मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग

नोट: किसी भी विवाद की दशा में अंग्रजी मूलपाठ मान्य होगा।